आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

19.10 सोमवार दिनांक 20.05.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः—

1— कबीरधाम जिले में आज हुई एक सड़क दुर्घटना में उन्नीस लोगों की मौत—छह घायल।

2— उच्च न्यायालय ने प्रदेश में प्लाटून कमांडर के पदों पर भर्ती में महिलाओं को दिए गए आरक्षण को अवैध ठहराया—तीन सौ सत्तर महिला उम्मीदवारों की भर्ती निरस्त कर पात्र पुरूषों को भर्ती करने का दिया आदेश।

3— छत्तीसगढ़—ओडिशा सीमा पर माओवादियों के साथ मुठभेड़—ओडिशा के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप का जवान घायल।

4— मौसम विभाग ने उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में तेज हवाएं चलने की दी चेतावनी—कल कुछ स्थानों पर हो सकती है हल्की से मध्यम वर्षा।

............

दुर्घटना—मौत

कबीरधाम जिले में आज हुई एक सड़क दुर्घटना में उन्नीस लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में अट्ठारह महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। वहीं, छह

अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये सभी लोग सेमहारा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव ने बताया कि यह घटना जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र में उस समय हुई जब एक वाहन बाहपानी गांव के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। इस वाहन में पच्चीस लोग सवार थे, जिनमें से तेरह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि छह लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ये सभी लोग जंगल से तेंदूपत्ता तोड़कर वापस अपने गांव लौट रहे थे।

इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा और सांसद संतोष पाण्डेय, विजय बघेल और कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दुख प्रकट किया है। साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

वहीं, कबीरधाम जिले में ही बीती रात हुए सड़क हादसे में एक आरक्षक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मोटर साइकिल सवार पुलिस आरक्षक खड़े ट्रेलर से टकरा गया। घटना की सूचना मिलने पर जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने पुलिस वाहन को टक्कर मार दी, जिसमें दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस बीच, रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र के पचेड़ा गांव में भी सवारियों से भरी ऑटो पलटने से एक बच्ची की मौत हो गई हैं। वहीं, एक ही परिवार

के लगभग सात लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है, जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।

खदान–श्रमिक मौत

गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के दर्री गांव में आज अवैध मुरुम खदान धसकने से एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं, खदान में फंसे दो अन्य मजदूरों को ग्रामीणों ने बाहर निकाल लिया है। घायल मजदूरों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

उच्च न्यायालय–सब इंस्पेक्टर परीक्षा

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के संबंध में अपना आदेश सुनाते हुए प्लाटून कमांडर के पदों पर भर्ती में महिला अभ्यर्थियों को दिए जा रहे तीस प्रतिशत आरक्षण को अवैध ठहराया है।

उच्च न्यायालय ने आज इस संबंध में अपना फैसला सुनाते हुए कहा है कि प्लाटून कमांडर के पद पर तीन सौ सत्तर महिला अभ्यर्थियों की भर्ती को निरस्त कर इन पदों पर पात्र पुरुष अभ्यर्थियों की भर्ती की जाए। अदालत ने पैंतालीस दिन के भीतर इस प्रक्रिया को पूरी करने और नब्बे दिन में परिणाम घोषित करने के भी आदेश दिए हैं। यह आदेश न्यायाधीश नरेंद्र कुमार व्यास ने सुनाया।

गौरतलब है कि वर्ष दो हजार अट्ठारह में राज्य में सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर, उपनिरीक्षक प्रश्नाधीन दस्तावेज, उप निरीक्षक अंगुल चिन्ह, उपनिरीक्षक कंप्यूटर के छह सौ पचपन पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था, लेकिन यह प्रक्रिया रूकी हुई थी। वर्ष दो हजार इक्कीस में रिक्त पदों की संख्या संशोधित कर नौ सौ पचहत्तर पदों के लिए फिर से प्रक्रिया शुरू की गई और आवेदन मंगाए गए। इस बार चयन का तरीका भी बदल दिया गया था। चयन समिति द्वारा प्लाटून कमांडर पद पर नियम विरुद्ध महिलाओं के चयन करने पर यह भर्ती प्रक्रिया विवादों में आ गई थी।

जवान घायल

छत्तीसगढ़–ओडिशा सीमा पर आज माओवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में ओडिशा के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप का एक जवान घायल हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा का सुरक्षा बल तलाशी अभियान पर निकला हुआ था, तभी कामरभाउदी गांव के पास गोलीबारी हुई। घायल जवान को पहले छत्तीसगढ़ के गरियाबंद लाया गया और वहां प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर लाया गया है।

माओवादी–फरार

दंतेवाड़ा जिले में कल पुलिस हिरासत से एक माओवादी फरार हो गया है। उसे पुलिस ने चार दिन पहले गिरफ्तार किया था। फरार माओवादी का

नाम देवाराम बताया जा रहा है। यह रेवाली का रहने वाला है और माओवादी संगठन में जनमिलिशिया सदस्य था।

गिरफ्तारी के बाद दंतेवाड़ा पुलिस उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल ले जा रही थी। जेल ले जाने के दौरान रास्ते में माओवादी की तबीयत बिगड़ गई। तब उसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। अस्पताल में बाथरूम जाने की बात कह कर माओवादी फरार हो गया। इस मामले में एक प्रधान आरक्षक और एक आरक्षक को निलंबित कर दिया गया है और उनके विरूद्ध विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

## वित्त विभाग–कर कटौती

वित्त विभाग ने शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाली सामग्री खरीदी और सेवा प्राप्ति पर ठेकेदारों को किये जाने वाले भुगतान पर कर की कटौती के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में वित्त विभाग ने सभी कलेक्टरों और विभागाध्यक्षों को दिशा–निर्देश जारी किए हैं।

गौरतलब है कि कई विभागों, कार्यालयों द्वारा प्रावधानों के अंतर्गत जीएसटी पंजीयन नहीं लिया गया है और पंजीयन लेने वाले प्राधिकारियों द्वारा सही प्रकार से जीएसटी के स्त्रोत पर कटौती संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे राज्य शासन को जीएसटी से प्राप्त होने वाले राजस्व की क्षति हो रही है।

संस्कृत विद्यामण्डलम्–प्रावीण्य सूची

छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर द्वारा नई प्रावीण्य सूची अलग से जारी की जाएगी। छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम के सचिव से मिली जानकारी कक्षा नौवीं से बारहवीं तक का परीक्षा परिणाम बीते पन्द्रह मई को घोषित किया गया था। परीक्षा परिणाम के साथ ही अस्थायी प्रावीण्य सूची भी विद्यामण्डलम् द्वारा जारी की गई थी। लिपकीय त्रुटियां होने के कारण इस प्रावीण्य सूची को निरस्त कर दिया गया है। नई प्रावीण्य सूची बाद में जारी की जाएगी।

सुरक्षा बल–शिविर

मोहला–मानपुर जिले के नवागांव में कल भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आईटीबीपी के कमाण्डेंट विवेक कुमार पाण्डेय ने केन्द्र सरकार की विकास संबधी नीतियों के बारे में लोगों को जानकारी दी। साथ ही शासन की नीतियों से आम लोगों को अवगत कराया गया और स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया। इस अवसर पर आईटीबीपी के चिकित्सा अधिकारियों ने सौ से अधिक ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की।

## योग टीम–गोल्ड मैडल

नौ से बारह मई के बीच नेपाल में आयोजित हुए इंडो–नेपाल योगा कॉम्पीटीशन में छत्तीसगढ़ की योग टीम ने गोल्ड मैडल जीता है। जीत के बाद टीम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि योग टीम का गोल्ड मैडल हासिल करना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने टीम के सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी। वहीं, खेल मंत्री टंक राम वर्मा ने भी छत्तीसगढ़ की योग टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए बधाई दी है।

## तालाब–गहरीकरण अभियान

बिलासपुर जिले में जनभागीदारी से तालाबों के गहरीकरण अभियान का सिलसिला आज से शुरू हो गया। ऐतिहासिक नगरी रतनपुर के रानी तालाब से अभियान की शुरूआत की गई। प्रथम चरण में चालीस तालाबों का गहरीकरण किया जाएगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और एसडीएम कोटा सहित अधिकारियों और कर्मचारियों ने रानी तालाब और कोटा ब्लॉक के ग्राम चंगोरी पहुंचकर तालाब गहरीकरण कार्य में श्रमदान किया। जिला कलेक्टर अवनीश शरण ने लोगों से इस अभियान में बड़ी संख्या में जुड़ने की अपील की।

गौरतलब है कि जल संरक्षण के लिए जिले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में जनभागीदारी से तालाबों के गहरीकरण का काम किया जा रहा है।

मौसम

मध्य छत्तीसगढ़ में जारी गर्मी के बीच मौसम विभाग ने राज्य के एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ वर्षा होने की संभावना जताई है। उत्तर पश्चिम, उत्तरप्रदेश के ऊपर बनी द्रोणिका के चलते कल प्रदेश के एक–दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। राजधानी रायपुर में कुछ स्थानों पर बादल छाए रहने और हल्की वर्षा होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, जशपुर, रायगढ़, सरगुजा, कोरबा सहित कुछ जिलों में आज शाम तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी है। इस संबंध में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

इस बीच, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के भाड़ी और पनकोटा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से चार ग्रामीण झुलस गए। वहीं, एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। घायलों का इलाज गौरेला के जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

संक्षिप्त समाचार

– रायपुर ज़िला प्रशासन द्वारा छब्बीस मई को यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए निःशुल्क मॉक टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक युवाओं को चौबीस मई तक रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

– अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स द्वारा विशेष 'योगोत्सव–दो हजार चौबीस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग की मदद से

आधुनिक जीवन शैली की कई बीमारियों को दूर करने के बारे में जानकारी दी गई।

– रायगढ़ जिले के घरघोड़ा थाना क्षेत्र में आज सुबह कोयले से भरी मालगाड़ी पटरी से उतर गई। ये मालगाड़ी कोयला लोड करके घरघोड़ा से राजस्थान के लिए जा रही थी। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

– प्रदेशभर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश परीक्षा कल हुई। इस परीक्षा के लिए अट्ठाईस जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा में उनतीस हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए।

– सक्ती जिले नंदेलीभाठा में आज से इक्कीस दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। जिले के एसडीएम के.एस. पैकरा ने इस शिविर का शुभारंभ किया।

और

– खैरागढ़ पुलिस ने स्थापित ब्रांड की नकली कोल्डड्रिंक बनाने वाली फैक्ट्री में छापा मार कार्रवाई कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस फैक्ट्री में मैंगो, लीची और कई तरह की नकली कोल्डड्रिंक बनाने का काम चल रहा था। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में जूस समेत खाली बोतल और नकली रैपर बरामद किए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>